भोलेनाथ है मेरे साथ | By Subhash Tilakdhari

दुनिया को मैं छोड़ के आया
तेरी शरण में ध्यान लगाया
तुझको अपना हाल सुनाया
पकड़ के रखना हाथ
मेरे भोलेनाथ हैं मेरे साथ 4

आधे रस्ते छोड़ ना जाना
बिगड़ा मेरा काम बनाना
तू मेरा शम्भू तू त्रिपुरारी
ओ मेरे शिवजी मैं बलिहारी
आधे रस्ते छोड़ ना जाना
बिगड़ा मेरा काम बनाना
तूने मेरा भाग्य जगाया
चरणों में तेरे मान
मेरे भोलेनाथ हैं मेरे साथ 4

मोह माया से दूर है करना
नाम दान से झोली भरना
शंकर तुझमे लीन हो जाऊं
हर पल तेरा दर्शन पाऊं
मोह माया से दूर है करना
नाम दान से झोली भरना
ढूँढू तुझको मैं कण कण में
ह्रदय में है वास
मेरे भोलेनाथ हैं मेरे साथ 4

तीन लोक के मालक शंकर
कुदरत के संचालक शंकर
नंदी तेरा सेवक प्यारा
हम भक्तों को तेरा सहारा
गगन मान व सुभाष भी हर दम
करते रहें यही बात
मेरे भोलेनाथ हैं मेरे साथ 4

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ad%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%87%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%a5-%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%a5-by-subhash-tilakdhari/